Moneywise. Be wise.

दैनिक कमोडिटी रिपोर्ट (मेटल एवं एनर्जी) 02 जूलाई 2018

अतंराष्ट्रीय बाजार

COMEX/NYMEX/ICE (कीमती धातुएं एवं एनर्जी)

कमोडिटी	कॉन्ट्रैक्ट	एक्सपायरी	बंद भाव
चांदी	सितम्बर	26 सितम्बर 2018	16.20
सोना	अगस्त	29 अगस्त 2018	1254.50
कच्चा तेल	अगस्त	20 जुलाई 2018	74.15
ब्रेंट कच्चा तेल	सितम्बर	31 जुलाई 2018	79.23
नेचुरल गैस	अगस्त	27 जुलाई 2018	2.92

29.06.2018 के अनुसार बंद भाव

करेंसी / कमोडिटी इंडेक्स

करेंसी	वर्तमान भाव
अमेरिकी डॉलर/भारतीय रूपया'	68.45
डॉलर इंडेक्स	94.55
यूरो/अमेरिकी डॉलर	1.1683
सीआरबी इंडेक्स	203.79

*29.06.2018 के अनुसार बंद भाव

LME (बेस मेटल्स) (डॉलर/टन)

कमोडिटी		बंद भाव
तांबा	नकद	6646.00
एल्युमिनियम	नकद	2183.00.
जिंक	नकद	2948.00
लेड	नकद	2432.00
निकल	नकद	14910.00

29.06.2018 के अनुसार बंद भाव

SHFE (बेस मेटल्स) (युवॉन/टन)

कमोडिटी	माह	बंद भाव
तांबा	जुलाई	51320.00
एल्युमिनियम	जुलाई	14065.00
जिंक	जुलाई	23350.00
लेड	जुलाई	21210.00

29.06.2018 के अनुसार बंद भाव

घरेलू बाजार

MCX (कीमती धातुएं एवं एनर्जी)

कमोडिटी	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव की दर	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
चांदी	05-09-18	39921.00	मंदी	15.06.18	40199.00	40400.00
सोना	03-08-18	30432.00	मंदी	15.06.18	31000.00	31200.00
कच्चा तेल	19-07-18	5086.00	तेजी	22.06.18	4672.00	4860.00
नेचुरल गैस	26-07-18	200.80	तेजी	23.04.18	182.30	196.00

29.06.2018 के अनुसार बंद भाव

MCX (बेस मेटल)

कमोडिटी	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव की दर	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
तांबा	31-08-18	452.30	मंदी	18.06.18	468.75	465.00
एल्युमिनियम	31-07-18	146.75	मंदी	23.04.18	151.00	156.00
जिंक	31-07-18	198.00	मंदी	21.06.18	201.60	204.00
लेड	31-07-18	165.55	मंदी	21.06.18	161.90	171.00
निकल	31-07-18	1023.40	तेजी	22.06.18	1038.80	1000.00

**यह इंट्रा-डे कारोबार के लिए नहीं है। रूझानों का विश्लेषण बंद भाव के आधार पर करना चाहिए ।

29.06.2018 के अनुसार बंद भाव

सर्राफा आउटलुक

डॉलर के मजबूत होने और सुरक्षित निवेश के लिए मांग में कमी होने के कारण सर्राफा की कीमतों में नरमी बरकरार रह सकती है। डॉलर के मजबूत होने के कारण आज एशियाई कारोबार में सोने की कीमतों में गिरावट हुई है। छह प्रमुख करेंसियों के मुकाबले डॉलर इंडेक्स 0.1% की बढ़त के साथ 94.701 के स्तर पर पहुंच गया है। एमसीएक्स में सोना(अगस्त) की कीमतों को 30250 के स्तर पर सपोर्ट और 30600 के स्तर पर रेजिस्टेंस रहने की संभावना है जबकि चांदी (सितम्बर)की कीमतों को 39400 के स्तर पर सपोर्ट और 40000 के स्तर पर रेजिस्टेंस रहने की संभावना है। अमेरिकी उपभोक्ता कीमतों में मई में बढ़ोतरी हुई है जो अमेरिकी मुद्रास्फीति की ओर संकेत करता है और छह वर्षो में पहली बार फेडरल रिजर्व के 2% लक्ष्य के स्तर पर पहुंच गया है। अमेरिकी कमोडिटी वायदा कारोबार आयोग के अनुसार 26 जून को समाप्त हफ्ते में सटोरियों ने कोमेक्स में सोना और चांदी के कॉन्ट्रैक्ट में कुल लांग पोजिशन में कटौती की है। भारत में पिछले हफ्ते सोने की मांग में बढ़ोतरी हुई है क्योंकि कीमतें लगभग तीन महीने के निचले स्तर पर पहुंच गई थी । जून में अमेरिकी टकसालों ने 19500 औंस के सोने के सिक्कों की बिक्री की है, जो पिछले महीने की तुलना में 18.8% कम है।

बेस मेटल आउटलुक

चीन के बेहतर पीएमआई आंकड़ों के बाद शॉर्ट कवरिंग होने के कारण बेस मेटल की कीमतों के बढ़त के साथ खुलने की संभावना है। जून में जापान की मैनुफैक्चरिंग थोड़ी तेज गति से बढ़ी है लेकिन अमेरिका और अन्य देशों के बीच व्यापार को लेकर तनाव के कारण निर्यात ऑर्डर अनुमान से कम हुआ है। तांबें की कीमतों के 448 रू के स्तर पर सपोर्ट रहने की संभावना है और कीमतों को 455 पर रेजिस्टेंस रहने की संभावना है। मई में चीन की मैनुफैक्चरिंग वृद्धि के अनुमान से बेहतर रहने के बाद जून में धीमा रहने की आशंका से लंदन में तांबें की कीमतों में स्थिरता है। अमेरिका के साथ व्यापार को लेकर तनाव के कारण चीन की अर्थव्यवस्था के धीमा रहने की आशंका है। अमेरिकी कमोडिटी वायदा कारोबार आयोग के अनुसार हेज फंड़ों और मनी मैनजरों ने तांबें में कुल लांग पोजिशन में कटौती की है। जिंक की कीमतों को 197 रू के स्तर पर सपोर्ट और 202 के स्तर पर रेजिस्टेंस रहने की संभावना है। लेड की कीमतों को 164 रू के स्तर पर सपोर्ट और 168 के स्तर पर रेजिस्टेंस रहने की संभावना है। निकल की कीमतों को 1010 पर सपोर्ट रहने की संभावना है और कीमतों को 1040 पर रेजिस्टेंस रहने की संभावना है। एल्युमीनियम में थोड़ी शॉर्ट कवरिंग होने की संभावना है और कीमतों को 146 के स्तर पर सपोर्ट और 150 के स्तर पर रेजिस्टेंस रहने की संभावना है।

एनर्जी आउटलुक

कच्चे तेल में उच्च स्तर पर मुनाफा वसूली होने की संभावना है। सउदी अरब में तेल उत्पादन में बढ़ोतरी होने और एशिया में आर्थिक सुस्ती के कारण मांग के बाधित होने की संभावना से आज नाइमेक्स में तेल की कीमतों में 1% से अधिक की गिरावट देखी जा रही है। मई में सऊदी अरब का तेल उत्पादन 700000 बैरल/दिन बढ़कर 10.72 मिलियन बैरल/दिन हो गया है जो नवम्बर 2016 के बाद रिकॉर्ड उत्पादन है। उत्पादन में यह वृद्धि अन्य स्थानों पर उत्पादन में हो रही कमी से अधिक है। अमेरिका से बाहर ओपेक और कुछ गैर ओपेक देशों द्वारा तेल उत्पादन में कटौती जारी रखने और अधिक मांग के साथ लीबिया और वेनज्वेला में उत्पादन बाधित होने के कारण 2018 में तेल की कीमतों में जोरदार तेजी जारी रही है। ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंध के कारण तेल की सप्लाई में कमी की आशंका से भी तेल की कीमतों में बढ़त हुई है। कच्चे तेल की कीमतों को 5040 के स्तर पर सपोर्ट रह सकता है और 5120 रू के स्तर पर रेजिस्टेंस रहने की संभावना है। नेचुरल गैस वायदा की कीमतों में नरमी रहने की संभावना है और कीमतें 197 रू तक लुढ़क सकती है। अमेरिका में गैस की मांग के मुकाबले उत्पादन अधिक होने की संभावना से शुक्रवार को अमेरिकी नेचुरल गैस वायदा की कीमतों में गिरावट हुई है।

प्रमुख आर्थिक आंकड़ें

भारतीय समयानुसार	आर्थिक आंकड़ें	महत्व	संभावित	पिछला	प्रभावित कमोडिटी	प्रभाव
19:15	अमेरिकी मैनुफैक्चरिंग पीएमआई(जून)	अधिक	54.6	54.6	मेटल एवं एनर्जी	कोई असर नही
19:30	अमेरिकी आईएसएम मैनुफैक्चरिंग पीएमआई(जून)	अधिक	58.2	58.7	मेटल एवं एनर्जी	अनुकूल

वंदना भारती	एवीपी कमोडिटी रिसर्च	फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 625	**vandanabharti@smcindiaonline.com**
संदीप जून	सीनियर रिसर्च एनॉलिस्ट	फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 683	**sandeepjoon@smcindiaonline.com**
शिवानन्द उपाध्याय	रिसर्च एसोसिएट	फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 646	**shivanand@smcindiaonline.com**

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

Moneywise. Be wise.

Corporate Office:
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

Mumbai Office:
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor ,
Graham Firth Steel Compound, Off Western
Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon
(East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

Kolkata Office:
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है। एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें। रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

डिसक्लेमर: यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं। यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है। इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उद्देश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है। सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है। सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा।